प्रेषक,

अशोक कुमार,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

कुलसचिव,
किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय,
उ0प्र0 लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-2 लखनऊ : दिनांक 11 अक्टूबर, 2022

विषय- किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ के चिकित्सा एवं दंत विज्ञान संकाय के शिक्षकों को एस0जी0पी0जी0आई0 के संकायी सदस्यों की भाँति पुनरीक्षित वेतनमान अनुमन्य किए जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया अपने पत्र संख्या-11894/बी-2021, दिनांक 27.01.2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ में शासनादेश संख्या-14/2020/321/71-2-20-पी0-38/2017, दिनांक 06.02.2020 द्वारा प्रदान किये गये पुनरीक्षित वेतनमान को किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ के चिकित्सा संकाय एवं दंत विज्ञान संकाय के शिक्षकों को प्रदान किए जाने का अनुरोध किया गया है।

2- अवगत कराना है कि शासनादेश संख्या-69/2015/2381/71-2-15-के0जी0एम0यू0-61/2014, दिनांक 11.08.2015 के द्वारा किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ के शैक्षिक पदों को पुनर्गठित करते हुए उनके वेतन एवं भत्ते एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ के समान किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है। शासनादेश संख्या-14/2020/321/71-2-20-पी0-38/2017, दिनांक 06.02.2020 द्वारा संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ के संकाय सदस्यों को एम्स, नई दिल्ली के समतुल्य 7वें वेतन आयोग की संस्तुतियों के अनुसार दिनांक 01.01.2016 से पुनरीक्षित वेतनमान अनुमन्य किया गया है।

3- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ के चिकित्सा एवं दंत संकाय के शिक्षकों को एस0जी0पी0जी0आई0 के समान

पुनरीक्षित वेतनमान निम्नवत प्रदान किये जाने की स्वीकृति श्री राज्यपाल महोदय निम्नलिखित शर्तों/प्रतिबंधों के अधीन प्रदान करते हैं:-

क्र0 सं0	पदनाम	वेतनमान (वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन)	As per 7th Pay Matrix Level	(As per 7th Pay Matrix Level) स्वीकृत वेतनमान एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ की भाति।
1	2	3	4	5
1	प्रोफेसर	वेतन बैण्ड-4 एवं ग्रेड वेतन रू0 10500/-	Level 14 A **Rs. 159100-220200**	Level 14 A **Rs. 168900-220400**
2	एडिशनल प्रोफेसर	वेतन बैण्ड-4 एवं ग्रेड वेतन रू0 9500/-	Level 13 A2 **Rs. 139600-211300**	Level 13 A2 **Rs. 148200-211400**
3	एसोसिएट प्रोफेसर	वेतन बैण्ड-4 एवं ग्रेड वेतन रू0 9000/-	Level 13 A1 **Rs. 131400-204700**	Level 13 A1 **Rs.138300-209200**
4	असिस्टेन्ट प्रोफेसर	वेतन बैण्ड-3 एवं ग्रेड वेतन रू0 8000/- एवं रू0 8700/- After completion 03 years service as Assistant Professor	Level 12 **Rs. 101500-167400**	Level 12 **Rs. 101500-167400** After completion 03 years service as Assistant Professor Level 13 **Rs. 123100-216900**

1. कुलपति/कुलसचिव, के0जी0एम0यू0 द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि एस0जी0पी0जी0आई0 के संकायी सदस्यों के समान के0जी0एम0यू0 के संकायी सदस्यों को वेतनमान दिया जाना अनुमन्य है।
2. के0जी0एम0यू0 के संकायी सदस्यों को पुनरीक्षित वेतनमान दिए जाने के उक्त प्रकरण में एरियर का भुगतान एक मुश्त न करके चार समान किश्तों में वित्तीय वर्ष 2022-23 व 2023-24 में किया जायेगा।"

4- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-3-289/दस-2022-23, दिनांक 06 अक्टूबर, 2022 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किए जा रहे हैं।

भवदीय,

Signed by अशोक कुमार
Date: 10-10-2022 16:53:44
Reason: Approved

(अशोक कुमार)
विशेष सचिव।

<u>संख्या एवं दिनांक उपर्युक्तानुसार-</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
2. प्रधान महालेखाकार (सिविल आडिट) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज/लखनऊ।
3. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ।
4. मुख्य कोषाधिकारी, लखनऊ।
5. वित्त अधिकारी, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ।
6. वित्त ई-3/नियोजन अनुभाग-4
7. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(मुमताज अहमद सिददीकी)

अनु सचिव।